nt>

<u>14.32 hrs.</u>

MATTERS UNDER RULE 377

MR. DEPUTY-SPEAKER: Now, we will take up item number 11, namely, Matters under Rule 377. Shri Atma Singh Gill -- not present. Dr. Col. (Retd.) Dhani Ram Shandil.

Title: Need to construct a helipad at Jubbal − Kotkhai in Himachal Pradesh for promoting tourism in the region.

डॉ. कर्नल (सेवानिवृत्त) धनीराम शांडिल्य (शिमला) : उपाध्यक्ष महोदय, मेरे निर्वाचन क्षेत्र के जुब्बल कोटखाई में एक बहुत ही रमणीक व ऐतिहासिक स्थल है, जिसे बान-कुफर के नाम से जाना जाता है।

लगभग 9000 फीट की ऊंचाई पर स्थिति इस अनुपम छटा वाले स्थान पर कुछ ही वर्ों पहले तक एक बड़ा सुन्दर तालाब होता था, जहां अब एक खुला विस्तृत मैदान रह गया है। इस ऊंचाई पर इतना बड़ा मैदान देवदार वृक्षों से और पर्वत-मालाओं से घिरा होने के कारण पर्यटन की दृटि से अपार संभावनाओं से भरा पड़ा है। इस मनोरम स्थल के पश्चिमी भाग में देवता महासु का प्राचीन मन्दिर है, जहां पर श्रावण मास में हर वर्ा एक मेले का आयोजन किया जाता है।

1984 में इस महत्वपूर्ण स्थल को विकसित करने के उद्देश्य से हिमाचल प्रदेश सरकार ने केन्द्र सरकार से विचार-विमर्श किया कि इस स्थल पर एक हैलीपैड बनाया जाये। निर्माण कार्य आरम्भ हुआ और यह निश्चित हुआ कि हैलीपैड का उद्घाटन तत्कालीन प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्रीमती इन्दिरा गांधी जी अपने कर कमलों द्वारा करेंगी, परन्तु ऐसा न हो सका। 31 अक्टूबर को उन्होंने राट्र की सेवा में अपना बलिदान दिया, तभी से यह कार्य अधूरा पड़ा है।

मेरा केन्द्र सरकार से यह अनुरोध है कि इस क्षेत्र के विकास एवं पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु यह अधूरा काम पूरा किया जाये और प्राथमिकता के आधार पर इस हैलीपैड को शीघ्रातिशीघ्र बनाया जाये।